ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।
## प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक– 20.06.2021

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को राजघाट चौकी मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण को हटवाया गया।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है। नगर निगम क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई के अन्तर्गत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को नगर के चिनौर में होली एंजल स्कूल के पास बने नाले की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 20.06.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया। इसके साथ ही सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को नगर के राजघाट चौकी से केरूगंज तक कराये जा रहे सेनेटाईजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को राजघाट चौकी मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने की दृष्टि से, मार्ग चौड़ीकरण में बाधक अतिक्रमण को अपनी उपस्थित में हटवाया गया। मार्ग चौड़ीकरण में बाधक राजघाट चौकी की बाउन्ड्री वाल एवं उसके आस–पास खोखे आदि रखकर किये गये अतिक्रमणो को भी हटवाया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग चौड़ीकरण से नागरिको को आवागमन की सुलभ सुविधा प्राप्त होगी व जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस मार्ग पर आवागमन में बाधक पेड़ो की डालो को भी झटवाया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह,सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता,अधिशासी अभियन्ता श्री मोद नारायण झा एवं प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

2. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 20.06.2021 को सफाई जोन–1 में चिनौर,निसरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में लाल इमली चौराहे से घण्टाघर की ओर मोहन नर्सिग होम के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 तराई हयातपुरा बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के,रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को नगर के चिनौर में होली एंजल स्कूल के पास बने नाले की सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपनी देख–रेख में सफाई के कार्य को कराया गया। क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार को निर्देशित किया कि नाले की सफाई व्यवस्था के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये तथा क्षेत्र में स्थित अन्य नालो की सफाई का कार्य तलीझाड़ कराया जाये,जिससे नाले के पानी का प्राकृतिक वहाव बना रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार को निर्देशित किया गया कि नालो से निकली सिल्ट का उठान तत्काल सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

3. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 20.06.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता द्वारा आज दिनांक 20.06.2021 को नगर के राजघाट चौकी से केरूगंज तक किये जा रहे सेनेटाईजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त द्वारा राजघाट चौकी से केरूंगज तक कराये जा रहे सेनेटाईजेशन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता, क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित एवं चन्द्रवीर सिंह सागर उपस्थित रहे।

4. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 20.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी कलेक्ट्रेट,जजी, विकास भवन,ग्राम पंचायत, आफीसर कालोनी ,आवास विकास कालोनी, तारीन जलालनगर,एमनर्ज जलालनगर,ओ0सी0एफ0 हास्पिटल,लोधीपुर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा जेल,ककरा,मामूड़ी,एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा सी0एम0ओ0 आफिस चौभुर्जी से हनुमतधाम मोड़ तक व छाया कुऑ से मण्डी मोड़ तक व कच्चा कटरा मोड़ से कन्नौजिया अस्पताल तक कच्चा कटरा से जनता इंटर कालेज तक एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा चारखम्बा,कॉशीराम,गार्डेन स्टेट,रैन बसेरा,मोझधाम,गॉधी पार्क,जिला अस्पताल एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा सरायकाईयॉ,गढ़ी गाड़ीपुरा,तारीन गाड़ीपुरा, रौजा अस्पताल में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 5950 स्थलों एवं 565 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।